दैनिक सायंकालीन

# कानून व्यवस्था

वर्षः 16 | अंकः 137 | E-mail : kvjpr1@gmail.com | जयपुर, (बुधवार) 03 दिसंबर, 2025 | RNI.No.RAJHIN/2010/33272 | मूल्य 1 रुपए | पृष्ठः 4

## 5 दिन बैंक खोले ओर बैंकिंग टाइम चेंज करे..प्रस्ताव

### काम के दिन होंगे पांच सप्ताह में, काम करने वाले दिन 40 मिनट बढ़ जायेंगे

**फिलहाल सभी रविवार की छुट्टी और 2 और4 शनिवार की छुट्टी रहती है, प्रस्ताव पास होने पर 3 छुट्टियां और बढ़ जाएंगी**

**प्रस्ताव पास हो जाता तो अप्रैल 26 से लागू हो सकेगा, बैंकिंग टाइमिंग में बड़ा बदलाव ! अब हफ्ते में सिर्फ 5 दिन खुलेंगे बैंक..?**

कानून व्यवस्था




बैंकिंग सेक्टर में काम करने वालों के लिए वर्क-लाइफ बैलेंस हमेशा बड़ी चुनौती रहा है। लंबे घंटों की ड्यूटी, लगातार बढ़ते काम और ग्राहकों का दबाव - इन सबके बीच अब बैंक यूनियनों ने सरकार के सामने आधिकारिक रूप से एक बड़ा प्रस्ताव रख दिया है।

मांग साफ है-हर शनिवार और रविवार बैंक पूरी तरह बंद रहें, यानी पूरे देश में केवल सोमवार से शुक्रवार तक 5-दिन का वर्क वीक लागू किया जाए। फिलहाल, केवल दूसरे और चौथे शनिवार को ही बैंक बंद रहते हैं, पर पांच दिनी हफ्ते की मांग वर्षों से उठती रही है। अब यह मांग एक बार फिर तेज हो गई है, और सरकार के दरवाज़े पर दस्तक दे चुकी है।

यूनियनों के मुताबिक, यदि 5-दिन का वर्क वीक लागू होता है तोज -बैंक केवल सोमवार से शुक्रवार तक खुलेंगे - कर्मचारियों को हर शनिवार-रविवार लगातार दो दिन साप्ताहिक अवकाश मिलेगा -काम के घंटों में रोज़ाना करीब 40 मिनट की बढ़ोतरी की जा सकती है ताकि कुल कार्य समय संतुलित रहे AIBOC का तर्क है कि यह बदलाव कर्मचारियों को राहत देगा, मनोबल बढ़ाएगा और आधुनिक बैंकिंग सिस्टम की ओर एक बड़ा कदम होगा। कई लोग मान रहे थे कि स्टाफ की कमी इस फैसले में रुकावट है। लेकिन सरकार ने इसे साफ तौर पर खारिज कर दिया है। मिनिस्ट्री के अनुसार–पब्लिक सेक्टर बैंकों के 96 प्रतिशत पद भरे हुए हैं। स्टाफ स्ट्रेंथ 5-दिन वर्क वीक में किसी भी तरह बाधा नहीं है। यानी देरी की असली वजह अभी भी साफ नहीं है, लेकिन प्रस्ताव पूरी तरह विचाराधीन जरूर है। फिलहाल इसकी कोई अंतिम तारीख घोषित नहीं की गई है। सरकार और RBI दोनों को प्रस्ताव पर अंतिम मंजूरी देनी होगी। संभावना है कि– अगले वित्तीय वर्ष, यानी अप्रैल 2026 के बाद ही कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। तब तक के लिए पुरानी व्यवस्था ही जारी रहेगी–दूसरा और चौथा शनिवार बैंक हॉलिडे के रूप में।

## 'हर नागरिक की जासूसी करना चाहती है भाजपा सरकार'

कानून व्यवस्था



राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर संचार साथी मोबाइल ऐप को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ऑनलाइन फ्रॉड का हवाला देकर यह ऐप सभी मोबाइल फोन में प्री-इंस्टॉल करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नागरिकों की जासूसी करना चाहती है। उन्होंने इसे लोगों को डराने और ब्लैकमेल करने की कोशिश बताया है। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों को एकजुट होकर इसका विरोध करना चाहिए।

## हमें बंगाल जीतना है प्रधान मंत्री मोदी

कानून व्यवस्था



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन में पश्चिम बंगाल के सांसदों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा 'सभी सांसद ये सुनिश्चित करें कि बंगाल में चुनाव में जीत हमारी हो। सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाएं। कार्यकर्ता कड़ी मेहनत करें, क्योंकि हमें बंगाल जीतना है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी SIR शुद्धिकरण की प्रक्रिया है। शुद्धिकरण होना ही है।'

## 61 भारतीयों को रूस ने रूस-यूक्रेन युद्ध में धकेल दिया

कानून व्यवस्था



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को भारत आ रहे हैं। उनके आने से एक दिन पहले नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा के शून्यकाल में रूस में फंसे 61 भारतीय युवकों का मामला उठाया है। रूस में स्टडी और वर्क वीजा पर गए राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों के 61 भारतीय नागरिकों की तत्काल वतन वापसी की मांग की है, जिन्हें कथित तौर पर धोखे से रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर भेज दिया गया है।

## पूर्व मंत्री महेश जोशी को सुप्रीम कोर्ट से 7 महीने बाद जमानत मिली

कानून व्यवस्था



900 करोड़ के घोटाले में पूर्व मंत्री को मिली जमानत पूर्व मंत्री महेश जोशी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है।

जिसके बाद जयपुर सेंट्रल जेल में बंद जोशी करीब 7 महीने बाद जेल से बाहर आएंगे। ED ने जोशी को 900 करोड़ के जल जीवन मिशन (JJM) घोटाले में 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। जिसके खत्म होने के बाद से जोशी जेल में है।

राजस्थान हाईकोर्ट ने 26 अगस्त को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद जोशी ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी।

## जयपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

कानून व्यवस्था



जयपुर कलेक्ट्रेट को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ATS, बम निरोधक दस्ता और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्ट्रेट भवन को तुरंत खाली कराया गया और पूरे परिसर की गहन तलाशी की जा रही है। अधिकारी ई-मेल के स्रोत की जांच कर रहे हैं। फिलहाल क्षेत्र में अलर्ट बढ़ा दिया गया है और आसपास के इलाकों में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## देश के 3 सबसे सुरक्षित बैंक

कानून व्यवस्था




रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI), HDFC बैंक और ICICI बैंक देश का सबसे सुरक्षित बैंक बताया है. आरबीआई ने इनकी पहचान देश के सबसे सिस्टेमिकली जरूरी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के तौर पर की है और इन्हें डोमेस्टिक सिस्टेमिकली जरूरी बैंक (D-SIB) बताया है. मंगवार को आरबीआई के इस ऐलान के साथ अब यह पक्का हो गया है कि ये तीनों ही इंस्टीट्यूशन बैंकिंग सेक्टर में अपनी एक अहम जगह रखते हैं.

## ये मोदी सरकार का विश्वासघात है- राहुल गांधी

कानून व्यवस्था



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने X पर लिखा 'संसद में मैंने सरकार से जाति जनगणना पर सवाल पूछा, लेकिन उनका जवाब चौंकाने वाला है। न ठोस रूपरेखा, न समयबद्ध योजना, न संसद में चर्चा और न ही जनता से संवाद। दूसरे राज्यों की सफल जाति जनगणनाओं की रणनीति से सीखने की कोई इच्छा भी नहीं है। मोदी सरकार की यह जाति जनगणना देश के बहुजनों के साथ खुला विश्वासघात है।'

## 7 दिसंबर को होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा पर रोक

**RPSC असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा पर रोक**

कानून व्यवस्थसा




राजस्थान हाईकोर्ट ने RPSC की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा पर रोक लगा दी है। यह परीक्षा 7 दिसंबर को होने वाली थी, लेकिन विभाग ने अब तक परीक्षा का सिलेबस जारी नहीं किया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि पहले भर्ती परीक्षा के लिए विस्तृत सिलेबस जारी करें। सिलेबस जारी होने के 30 दिन बाद परीक्षा का आयोजन करें। बता दें कि इस भर्ती के लिए सितंबर में नोटिफिकेशन जारी हुआ था।

## 'आज दुनिया भारत के PM की आवाज सुनती है'

कानून व्यवस्था



RSS प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र में कहा 'आज दुनिया भारत के PM की बात गंभीरता से सुनती है, क्योंकि भारत की उभरती हुई शक्ति को पूरी दुनिया महसूस कर चुकी है। दुनिया भारत से सीखना चाहती है और यही कारण है कि वह भारत की आवाज को महत्व देती है। अगर भारत का विकास सबके विकास का कारण बने तो वही सच्चा विकास है अन्यथा वह विनाश का प्रतीक बन सकता है। भारत जब बढ़ता है तो दुनिया को शाति और स्थिरता मिलती है।

## भारत में नहीं बिक रही टेस्ला

कानून व्यवस्था



एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार टेस्ला को भारत में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। नवंबर में भारत में सिर्फ 48 टेस्ला कारें बिकी हैं, जबकि अक्टूबर में ये आंकड़ा 40 पर था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक कारों की कीमत ज्यादा, वैरिएंट्स और चार्जिंग स्टेशनों की कमी की वजह से भारतीय टेस्ला में ज्यादा रुचि नहीं दिखा रहे हैं। टेस्ला के ङ्क मॉडल की कीमत 60 लाख रुपए है, जो सेगमेंट की अन्य कारों से ज्यादा है।

## देशभर के कई एयरपोर्ट पर चेक-इन सिस्टम में दिक्कत

कानून व्यवस्था



आज सुबह से देश के कई हवाई अड्डों पर चेक-इन सिस्टम में खराबी आई है, जिससे उड़ान सेवाएं प्रभावित हुई हैं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 42 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। हैदराबाद एयरपोर्ट पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो गई है। दिल्ली में चेक-इन प्रक्रिया को मैन्युअल कर दिया गया है। वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों को सूचना दी गई कि माइक्रोसॉफ्ट विंडोज के वैश्विक सर्विस आउटेज के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।

## सैन्य अभ्यास के दौरान टैंक पानी में डुबा एक जवान शहीद


कानून व्यवस्था



राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सैन्य अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा हो गया। नियमित अभ्यास के दौरान सेना का एक टैंक अचानक नहर में डूब गया। हादसे में टैंक सवार दो जवानों में से एक बाहर निकलने में सफल रहा, जबकि दूसरा जवान बाहर नहीं निकल पाया और शहीद हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और SDRF टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर शहीद जवान के शव को नहर से बाहर निकाला। घटना की जांच जारी है।

## 'भारत के टुकड़े हो जाएंगे तभी बांग्लादेश में आएगी शांति...'

कानून व्यवस्था



बांग्लादेश की सेना के एक पूर्व जनरल अब्दुलाहिल अमान आजमी ने भारत के खिलाफ बेहद भड़काऊ बयान दिया है। आजमी ने कहा कि बांग्लादेश में तब तक पूरी तरह से शांति नहीं आएगी जब तक कि भारत कई टुकड़ों में बंट नहीं जाता है। आजमी बांग्लादेश की कट्टरपंथी इस्लामिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी के पूर्व चीफ गुलाम आजम का बेटा है। आजमी के इस बयान पर भारत में सोशल मीडिया में लोग भड़क उठे हैं।

## कुत्ते के सवाल पर रेणुका बोलीं- भौं.. भौं...

कानून व्यवस्था



कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी द्वारा संसद परिसर में कुत्ता लाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। माना जा रहा है कि राज्यसभा में उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया जा सकता है। इस बीच आज संसद पहुंची रेणुका से जब इस मामले पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा 'भौं... भौं... और क्या बोलूं? उन्होंने विशेषाधिकार हनन के प्रस्ताव पर कहा कि जब वह लाया जाएगा तो इसका मुंहतोड़ जवाब देंगी।

## वरकाणा पार्श्वनाथ जैन विधालय में बेग पाकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे,

कानून व्यवस्था



**अजय कुमार** जवाली पाली-- श्री पार्श्वनाथ जैन विद्यालय, वरकाणा में विद्यालय बैग पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे ।श्री पार्श्वनाथ जैन विद्यालय, वरकाणा में * उत्तमचंद पुखराज जैन सेवाड़ी* द्वारा कक्षा प्रथम से आठवीं तक के कुल *300 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए।कार्यक्रम में संघ जिला प्रचारक नारायण कुमार , अमिता गांधी, दिनेश चौधरी डॉ सचेंद्र बोहरा तथा प्रधानाचार्य सुनीत चतुर्वेदी की उपस्थिति रही। बैग प्राप्त करते ही बच्चों में खुशी और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।संस्था की ओर से भामाशाह लाभार्थी उत्तमचंद पुखराज जैन सेवाड़ी का हार्दिक आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं।

## चिड़ावा में फिर शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान कच्चे पक्के अतिक्रमणों पर चला पीला पंजा

कानून व्यवस्था



**चिड़ावा।** शहर में नगरपालिका की ओर कुछ दिनों के विराम के बाद बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान फिर से शुरू हो गया है। पिलानी रोड पर मंड्रेला तिराहे से कबूतर खाना के बीच नगरपालिका दस्ता अतिक्रमण हटवा रहा है। दो जेसीबी से अतिक्रमण तोड़े गए और मिट्टी हटाकर रास्तों को चौड़ा किया गया। वहीं पक्के अतिक्रमणों को भी तोड़ा गया। ईओ रोहित मील ने बताया कि शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में नगरपालिका का ये प्रयास काफी महत्वपूर्ण है। अतिक्रमण हटाने के दौरान काफी सिफारशी फोन भी अधिकारियों के पास आ रहे है। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि निष्पक्षता के साथ सभी अतिक्रमणों को हटाया जा कर रास्ता चौड़ा कर यातायात व्यवस्था सुलभ की जाएगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर दुकानदार भी अलर्ट नजर आ रहे हैं। ज्यादातर दुकानदारों ने खुद ही अपने पक्के अतिक्रमण हटा लिए। इस मौके पर नगरपालिका जेईएन आकाश जांगिड़, एसआई संदीप लाम्बा, जमादार विनोद, लिपिक संजय कुमार सहित नगरपालिका कार्मिक मौजूद रहे। रास्ते चौड़े होने से वाहन चालकों और राहगीरों को काफी सहूलियत हो जाएगी।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किया

कानून व्यवस्था



**चूरू जितेश सोनी ।** निकटवर्ती ग्राम ढाणी मुनीम जी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह प्रेरक राम सिंह शेखावत की प्रेरणा से भामाशाह लूणाराम गुर्जर द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम रखा गया । जिसमें मुख्य अतिथि उपनिदेशक गोविंद सिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत चोटिया व कार्यक्रम अध्यक्ष लूणाराम गुर्जर रहे। इस अवसर पर उपनिदेशक गोविंद सिंह राठौड़ ने छात्र एवं अध्यापकों को सबोधित करते हुए शिक्षा में नवाचार व अध्यापकों की भूमिका के बारे में बताया अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत चोटिया ने जीवन मे दान के महत्व को बताते हुए ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ निर्मला,अशरफ अली, राधेश्याम गुर्जर ,सांवरमल गुर्जर,महावीर ढाका, अशोक गुर्जर, सुनील गुर्जर,भाविक गुर्जर,सुभाष गुर्जर आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन नियाज अली द्वारा किया गया। अंत मे प्रधानाध्यापक रामसिंह शेखावत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस थाना बरोनी ने अवैध बजरी से भरा एक डम्फर जब्त किया चालक फरार

कानून व्यवस्था




निवाई ।( विनोद सांखला ) टोंक टाइगर राजेश कुमार मीना व एएसपी टोंक बृजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में थानाधिकारी बरौनी सीआई बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गश्त के दौरान पहाडी कट के पास एचपी पेट्रोल पम्प के सामने एनएच 52 पर एक अवैध बजरी से भरे हुये बिना नम्बरी डम्फर दिखाई दिया जिसके पास जाने पर डम्पर में बैठा चालक पुलिस जीप को देखकर डम्पर से कुदकर पेट्रोल पम्प के पीछे बम्बुलो में भाग गया जिसका पुलिस जाप्ता द्वारा पीछा किया परन्तु अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते पाये जाने पर बिना नम्बरी डम्फर के चालक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है। अवैध खनन व परिवहन करने वालों के विरूद्ध लगातार गश्त व निगरानी एवं कार्यवाही जारी है।

## सिविल कोर्ट चाकसू में वकीलों द्वारा अधिवक्ता दिवस मनाया गया।

कानून व्यवस्था



**चाकसू (निस)** बुधवार को अधिवक्ता दिवस पर सिविल कोर्ट चाकसू के अधिवक्ता के द्वारा अधिवक्ता दिवस मनाया गया। साथ ही अधिवक्ता एकता के नारे लगाए गए।अधिवक्ता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश मामोडिया ने बताया कि भारत में अधिवक्ता दिवस , समाज में कानूनी सलाहकारों के योगदान को याद करता है । यह पीड़ित प्रताड़ित जनता को न्याय उपलब्ध करवाने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। कानून का उलंघन करने वाले को न्यायालय के द्वारा दंड दिलवाने में निडर होकर अपना दायित्व निभाया है। न्याय को बनाए रखने, अधिकारों की रक्षा करने और सामाजिक परिवर्तन की वकालत करने में उनकी भूमिका का जश्न मनाता है। यह कानूनी क्षेत्र और उससे परे बदलाव लाने के लिए उनके समर्पण और प्रतिबद्धता का सम्मान करने का दिन है। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी मुकेश मामोडिया और महेश कुमार सैनी, एवं पूर्व अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, जगदीश नारायण गुर्जर,अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया, सुनील कुमार शर्मा, , आदि अधिवक्ता मौजूद रहे हैं

## सर्पदंश से कालोड़ी में महिला की दर्दनाक मृत्यु

कानून व्यवस्था



सादुलपुर(नेतराम मेहरा)। गाँव कालोड़ी में सर्पदंश की घटना से 75 वर्षीय सीणगारी देवी पत्नी नंदराम नेहरा की शुक्रवार, 28 नवंबर को दर्दनाक मृत्यु हो गई। , 26 नवंबर (बुधवार) शाम को सीणगारी देवी खेत में कार्य कर रही थीं, तभी एक विषैले सर्प ने उन्हें डँस लिया। परिजनों ने तुरंत उन्हें डीबी हॉस्पिटल, चूरू ले जाया, जहाँ स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बीकानेर रेफर कर दिया। बीकानेर में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। ।गौरतलब है कि सीणगारी देवी, स्थानीय समाजसेवी एवं प्रसिद्ध स्नेक कैचर और गोताखोर नरेंद्र सांगवान गगोर की सासू माँ थीं। श्री सांगवान ने बताया कि उनकी सासू माँ अक्सर कहा करती थीं कि ÷तुम रोज सैकड़ों बेजुबान जानवरों को पकड़ते हो, लोगों की जान बचाते हो, लेकिन जब मुझे सांप खाएगा तब तुम मुझे नहीं बचा पाओगे।÷दुर्भाग्यवश, जिस समय यह घटना हुई उस समय स्नेक कैचर नरेंद्र सांगवान गुजरात दौरे पर थे। उन्होंने बताया कि सासू माँ के निधन से उन्हें अत्यंत गहरा धक्का लगा है और मन में मलाल है कि रोज़ाना सैकड़ों सांपों को पकड़ने और लोगों को जागरूक करने के बावजूद वह अपनी सासू माँ को नहीं बचा सके।

## सड़क दुर्घटना में हिण्डौन निवासी दंपत्ति की दर्दनाक मौत

कानून व्यवस्था



**, अजीम खान** हिण्डौन सिटी। नूंह (हरियाणा) के दिल्लीङ्कमुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में हिण्डौन निवासी दंपत्ति की मृत्यु हो गई। हादसा देर रात उस समय हुआ जब कार और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। नगर परिषद हिण्डौन क्षेत्र के कोटापुरियान के पुरा निवासी लक्ष्मीकांत अपनी पत्नी कुशुमलता के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। वे किसी निजी कार्य से अपने गाँव आए थे और वापस दिल्ली लौट रहे थे। नूंह पुलिस के अनुसार, एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार ट्रक से उनकी कार की टक्कर हो गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना नूंह हरियाणा पुलिस ने देर रात परिजनों को दी। जैसे ही हादसे की खबर मिली, परिजन और ग्रामीण नूंह के लिए तुरंत रवाना हो गए। गांव में शोक की लहर छा गई और हर कोई घटना से स्तब्ध है।मृतक लक्ष्मीकांत का परिवार दिल्ली में ही रहता है। उनके दो बेटे और दो बेटियाँ दिल्ली में अध्ययनरत हैं। अचानक हुए इस दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

## राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल नव नियुक्त निदेशक से मिला

कानून व्यवस्था



**सवाई माधोपुर।** राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष नीरज मीना के नेतृत्व में बुधवारको पशुधन भवन जयपुर में नव नियुक्त पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. सुरेश मीना से मुलाकात की।प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं और विभागीय कैडर से जुड़ी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया।मुलाकात के दौरान संघ ने क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली चुनौतियों, रिक्त पदों की पूर्ति, कार्य परिस्थितियों में सुधार तथा कर्मचारियों की लंबित मांगों के बारे में विस्तार से निदेशक डॉ. सुरेश मीना को अवगत करवाया ।इस अवसर पर प्रदेश मुख्य सलाहकार बृजमोहन मीना, विश्व सिंह मीना सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि नए निदेशक के कार्यकाल में विभागीय व्यवस्थाओं में सुधार होगा और कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

## क्रांति युवा संसद 2025 का हुआ भव्य आयोजन


कानून व्यवस्था



**कुमार प्रवीन** बयाना।क्रांति युवा संसद 2025 का आयोजन सेवर स्थित श्री हरिदत्त सभागार में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारियों, जिनमें पूर्व ऋ राजनारायण शर्मा तथा ऋछ्र अधिकारी ज्योति शर्मा शामिल रहे, ने युवाओं को शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली, न्याय व्यवस्था तथा सामाजिक उत्तरदायित्व पर प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया।दोनों अधिकारियों ने युवाओं से संवाद करते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य सत्र में एडवोकेट आलोक शर्मा ने प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि–युवाओं को आभासी ऑनलाइन दुनिया से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन के सच का सामना करना चाहिए। वास्तविक अनुभव ही मनुष्य को मजबूत और सक्षम बनाते हैं।÷उनके उद्बोधन तथा अधिकारियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के मन में नई ऊर्जा, जागरूकता और सकारात्मक दृष्टिकोण का संचार किया।कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आमंत्रित अधिकारीगण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## रजलानी में जन आंदोलन शुरू हाईवे व बिजली समस्या को लेकर उबाल


कानून व्यवस्था



गोटनःकस्बे के कड़वासरो की ढाणी भोपालगढ़ स्टेट हाईवे 145 पर अधूरे पड़े निर्माण कार्य और मूलभूत सुविधाओं में निरंतर हो रही अनदेखी के विरोध में रजलानी क्षेत्र के लोग आज से जन आंदोलन की राह पर उतर आए। ग्रामीणों के साथ युवा सरपंच पारस गुर्जर इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। क्षेत्रवासी वर्षों से सड़क, बिजली और विकास कार्यों से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन समाधान के ठोस प्रयास न होने पर अब आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे 145 का कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे आवागमन दूभर हो गया है। वहीं, बिजली की लगातार कटौती और अनियमित सप्लाई ने किसानों, छात्रों और व्यापारियों की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित किया है।ग्रामीणों की प्रमुख मांगे सड़क निर्माणः हाईवे 145 के अधूरे कार्यों को तुरंत पूरा किया जाए और खराब सड़क स्थिति को सुधारा जाए बिजली आपूर्तिः क्षेत्र में बार-बार हो रही बिजली कटौती पर रोक लगाकर नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जाए विकास कार्य : लटकी हुई आधारभूत ढांचा परियोजनाओं पर तुरंत कार्य प्रारंभ किया जाए।सरपंच पारस गुर्जर ने बताया कि विभागों को कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। जब तक उचित समाधान नहीं मिल जाता, आंदोलन जारी रहेगा।÷

## रामरतन मीणा ने अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

कानून व्यवस्था



**चाकसू :** उपखण्ड क्षेत्र मे दी बार एसोसिएशन चाकसू में आगामी 12 दिसंबर को होने जा रहे चुनाव में बुधवार को नॉमिनेशंस के आखिरी दिन अध्यक्ष पद के लिए रामरतन मीणा एडवोकेट ने अधिवक्ता के साथ बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास से अपना नामांकन फार्म चुनाव समिति के समक्ष भरा गया है ।

## मनोहरपुर पुलिस ने दो इनामी आरोपी गिरफ्तार किए हथियार और बाइक बरामद

कानून व्यवस्था



**मनोहरपुर** थाना पुलिस मनोहरपुर को बड़ी सफलता मिली है। दुकान में तोड़फोड़ कर जानलेवा हमला करने और नकदी लूटने के मामले में फरार चल रहे 1000-1000 रुपये के इनामी दो आरोपियों ओमप्रकाश शर्मा उर्फ एसपी उर्फ संजू पंडित पिता- पूरणमल शर्मा, लेटकाबास, दीपक कुमार मीणा उर्फ चिंटू मीणा उर्फ सत्या पिता राजेश कुमार मीणा शेरपुरा, खोरी, थाना शाहपुरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है इस दौरान पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने बताया कि11 अक्टूबर 2025 को परिवादी कृष्ण गुर्जर निवासी मामटोरी कला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह मनोहरपुर के आमलियों का बास स्थित अपनी परमानंद गारमेंट्स दुकान पर ग्राहकों को सामान दे रहा था। इसी दौरान सचिन गुर्जर, रजनीश गुर्जर, मनीष गुर्जर सहित 10ङ्क15 हथियारबंद लोग अचानक दुकान में घुस आए। और हमलावरों के पास नंगी तलवारें, फरसी, कुल्हाड़ी और दो बंदूकें थीं। उन्होंने दुकान का काउंटर तोड़ दिया, तोड़फोड़ मचाई और बंदूक की नोक पर गल्ले से 45,750 रुपये लूट लिए। जब व्यापारी ने रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।ग्राहकों और आसपास के लोगों के शोर मचाने पर सभी आरोपी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

## पुलिस थाना बरोनी ने अवैध बजरी से भरा एक डम्फर जब्त किया चालक फरार

कानून व्यवस्था




निवाई ।( विनोद सांखला ) टोंक टाइगर राजेश कुमार मीना व एएसपी टोंक बृजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में थानाधिकारी बरौनी सीआई बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गश्त के दौरान पहाडी कट के पास एचपी पेट्रोल पम्प के सामने एनएच 52 पर एक अवैध बजरी से भरे हुये बिना नम्बरी डम्फर दिखाई दिया जिसके पास जाने पर डम्पर में बैठा चालक पुलिस जीप को देखकर डम्पर से कुदकर पेट्रोल पम्प के पीछे बम्बुलो में भाग गया जिसका पुलिस जाप्ता द्वारा पीछा किया परन्तु अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते पाये जाने पर बिना नम्बरी डम्फर के चालक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है। अवैध खनन व परिवहन करने वालों के विरूद्ध लगातार गश्त व निगरानी एवं कार्यवाही जारी है।

# सोनू यादव बने कांग्रेस ओबीसी के जिला अध्यक्ष

कानून व्यवस्था



**ओम प्रकाश वर्मा** धौलपुर , राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा , राजस्थान प्रदेश कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के चेयरमैन हरसहाय यादव के द्वारा बाड़ी निवासी सोनू यादव को ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनाया। इस मौके पर सोनू यादव ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मैं कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. अनिल जय हिंद , राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा , राजस्थान प्रदेश कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ चेयरमैन हरसहाय यादव , सांसद भजनलाल जाटव, राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा, धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा , बसेड़ी विधायक एवं धौलपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय जाटव का आभार व्यक्त करता हूँ। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मुझ पर जो विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया गया है, उसे मैं अपनी सेवा, प्रतिबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा से पूर्ण रूप से सार्थक करने का संकल्प दोहराता हूँ।

## राज किशोर सिंह उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सफरी में जयंती मनाते शिक्षक व छात्र- छात्राएं

कानून व्यवस्था



**ब्यूरो छपरा/एकमा (सारण)।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती बुधवार को एकमा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई।प्रखंड के सफरी गांव स्थित राज किशोर सिंह उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित के व्याख्याता विज्ञान कुमार सिंह ने की। समारोह के दौरान कॉलेज के सचिव प्रो. कृपा शंकर सिंह, विज्ञान सिंह, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, अशोक राम, रूपेश यादव, मनोज कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी व राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया।विद्यालय के प्राचार्य उज्ज्वल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राजेंद्र बाबू का संपूर्ण जीवन समर्पण, सरलता व राष्ट्र सेवा का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके विचारों व कार्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।अंत में कॉलेज के सचिव प्रो. कृपा शंकर सिंह द्वारा प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

# हरे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी कटाई रूकवाई सरपंच ग्रामीण....


काननू व्यवस्था



**हरमाड़ा** एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू हुए ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं,यह केवल पौधा लगाने की पहल नहीं, बल्कि हमारी माताओं के प्रति कृतज्ञता और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है।'' लेकिन ग्राम पंचायत सेवापुरा मे स्थिति उलट हैद्य यहां जयपुर विकास प्राधिकरण और जयपुर नगर निगम द्वारा हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है, आपको बताते चले जिस जगह पर पेड़ों की कटाई की जा रही है, वह जमीन पहले पंचायत की चरागाह भूमि थी जो अब ये जमीन जयपुर विकास प्राधिकरण के अधीन हो गई और जयपुर प्राधिकरण ने यह जमीन नगर निगम को सौंप दी और दोनों मिलकर हरे पेड़ों की बली ले रहे हैं, नगर निगम पेड़ो की कटाई करवा कर यहां कचरा डंपिंग प्लांट बनाने की तैयारी कर रहा है जिसको लेकर अब ग्रामीणों में काफी रोष फैल रहा है, इस संबंध में दौलतपुरा वन चौकी के फॉरेस्ट हरिनारायण मीणा ने कहा कि,यह जमीन जयपुर विकास प्राधिकरण के नाम दर्ज है और कुछ दिन पहले जयपुर विकास प्राधिकरण और जयपुर जिला कलेक्टर के बीच बैठक आयोजित हुई थी उसमें पेड़ों की कटाई के लिए टेंडर खुला था और पेड़ों की बोली लगाई गई थी जिसके चलते पेड़ों की कटाई की जा रही है यह कोई अवैध कटाई नहीं है, पेड़ काटने वालों के पास परमिशन है,

# अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने किया नगर पालिका रेन बसेरे का औचक निरीक्षण,

कानून व्यवस्था



बांदीकुई / सुमित कुमार बैरवा।। हाई कोर्ट एवं राजस्थान सरकार के निर्देशों पर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हनुमान सहाय ने नगर पालिका स्थित रैन बसेरे का गत रात्रि औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि रेन बसेरे में जो भी अव्यवस्थाएं है उन्हें जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं और यह सुनिश्चित किया कि जरूरतमंदों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े एवं निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग रुकने की व्यवस्था को भी देखा गया । नगर पालिका रैन बसेरे परिसर की साफ सफाई, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था हर समय दूरस्त रहे और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बारीकी से जायजा लिया। रैन बसेरा के प्रचार प्रसार का भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जो भी कमियों है उनकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों एवं विभागों को भेजी जाएगी ताकि मूलभूत सुविधाओं का लाभ निराश्रितों को मिल सके एवं समय पर उपलब्ध हो सके।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री का कुमावत समाज ने किया भव्य स्वागत

कानून व्यवस्था



**बैंगलोर** कुमावत समाज के सभी संस्थाओं के द्वारा बेंगलुरु में राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र गोयल एवं कांग्रेस नेता का भव्य् स्वागत किया गया , यह दो पार्टी के कार्यकर्ताओं से और एक निजी कार्यक्रम के लिए दो दिवसीय था जिसमें गोयल ने सभी कार्यकर्ता के लिए दो दिवसीय था जिसमें गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ वेत्ता की और कुमावत् समाज के सभी संस्थाओं से मिलना हुआ साथ मे उन्होंने साफ संदेश दिया कि समाज की एकता और अखंडता बना रखना के लिए सभी एक साथ रहे और एक दूसरे को सहयोग करते रहे। साथ मे अपने राजस्थान संकृति और शिक्षा पर जोर देने के लिए कहा । उन्होंने अपनी बातों में यह भी बताया कि जन्म भूमि और कर्म भूमि दोनों का सम्मान बहुत ही जरूरी है और अपनी जन्मभूमि को कभी ना भूले यह भी उन्होंने संदेश दिया है ।

# मोक्षदा एकादशी पर आशा हरिशंकर द्वारा झोटवाड़ा में हवन व उद्यापन हुआ*

कानून व्यवस्था



सामान्यतया लोग वैवाहिक वर्षगांठ मोमबत्ती बुझा कर केक काट कर मनाते हैं, लेकिन आशा लता शर्मा एवं हरिशंकर शर्मा ने सीता विहार कॉलोनी, खिरनी फाटक झोटवाड़ा में अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर मोक्षदा एकादशी का उद्यापन करते हुए असंख्य जोड़ों को भोजन करवा कर लोगों को एक प्रेरणा दी । इससे पहले भव्य हवन कराया गया । इस अवसर पर समाजसेवी एडवोकेट व राष्ट्रीय हिंदू रत्न राजेन्द्र मोदी ने सपत्नीक रामचरितमानस भेंट कर इन्हें व इनके पूरे परिवार को ढेरों बधाईयां दी । इस अवसर पर इनके सुपुत्र ख्यातनाम ज्योतिषाचार्य रामकृष्ण, कृष्ण ज्योति, विक्रम सिंह, विनोद कंवर, अमित शर्मा, मीनू पारीक, जितेंद्र पूजा, बहन योगिता, दामाद विष्णु शर्मा, मीनू शर्मा , प्रणव, पार्थिव, भव्या आदि सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

# कमेटी निवर्तमान जिला अध्यक्ष इंद्राज खीचड़ का स्वागत

कानून व्यवस्था



**चूरू, चूरू जिला** कांग्रेस कमेटी निवर्तमान जिला अध्यक्ष इंद्राज खीचड़ का स्वागत और अभिनंदन किया। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रहे इंद्राज खीचड़ का शानदार जिलाध्यक्ष पद पर कार्यकाल सफलतापूर्वक रहने पर चूरू विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों के साथ स्वागत किया और कहा आपके कार्यकाल में चूरू जिला कांग्रेस कमेटी मज़बूत रही गत विधानसभा चुनाव में चार जगह कांग्रेस के विधायक निर्वाचित हुए और चूरू लोकसभा चुनाव में वर्षो बाद कांग्रेस सांसद राहुल कसवा चुनाव जीते यह बड़ी बात है ,हम जैसे कार्यकर्ता ने आपके सानिध्य में कार्य किया हमें फक्र है। हम पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से मांग करते हैं आपको प्रदेशस्तर पर संगठन में जिम्मेदारी दी जाए। इस अवसर पर पार्षद, कांग्रेस अग्रिम संगठन के कार्यकर्ताओ ने भी स्वागत चूरू जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर किया।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

कानून व्यवस्था



विजयपाल सैनी शाहपुरा न्यूज - जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष अजीत कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाथावाला में नालसा योजना 2016 के अंतर्गत शिविर आयोजित किया। इस शिविर मे प्रधानाचार्य बाबूलाल बुनकर द्वारा अध्यक्षता की गई। विद्यालय की महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष रामप्यारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 की धारा 7 के तहत न्यायाधिकरण अपील का अधिकार दिया गया है। वे अपने पारिवारिक उतराधिकारी अगर उनकी देख-रेख की अवहेलना करें तब उन्हें न्यायालय में अपीलीय अधिकार दिया गया है। इस शिविर में लाभार्थियों की संख्या 150 उपस्थित रहे।

# ताजाटॉक्स आइकॉनिक एजुकेशनिस्ट अवॉर्ड आयोजित

कानून व्यवस्था



**(डॉ पूनम प्रजापति भारतीय)**जयपुर। राजधानी जयपुर के वैशाली नगर स्थित महल रजवाड़ा रिसोर्ट में ताजाटॉक्स द्वारा आइकॉनिक एजुकेशनिस्ट अवॉर्ड का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. मुकेश पंचोली रहे सहित सोनी टीवी के कलाकार जुनैद खान और प्यार का पंचनामा के अभिनेता वरुण सूरी और अंतर्राष्ट्रीय सिल्वर मेडलिस्ट पैरा एथलीट खिलाडी सुनील साहू रहे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. अनु चौधरी रही।कार्यक्रम आयोजक आँचल पुरी ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. मुकेश पंचोली, जुनैद खान, किशोर गिठाला , वरुण सूरी सहित गणमान्य अतिथियों के मौजूदगी में 42 विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, साथ ही 20 विशिष्ट अतिथियों को शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे ताजा टॉक्स मैगज़ीन लॉन्च हुयी जिसमे कवर पेज डॉ मुकेश पंचोली जी का रहा जो शिक्षा के क्षेत्र मे एक नई क्रांति ला रहे है. समारोह के अंत में महिलाओं की एक आकर्षक रैंप वॉक आयोजित की गई, जिसने कार्यक्रम में और भी शान, आत्मविश्वास और सुंदरता की मिशाल पेश की गई।

# पुलिस थाना निवाई सदर ने हत्या के मात्र 48 घंटे में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

कानून व्यवस्था



**निवाई** । ) टोंक टाइगर राजेश कुमार मीना द्वारा थाना दिनांक 30 नवम्बर को मृतक सुरजन गुर्जर पुत्र जगदीश गुर्जर जाति गुर्जर (30) निवासी माताजी की ढाणी छौरिया पुलिस थाना निवाई सदर जिला टोंक के हत्या के खुलासे के क्रम में एएसपी बृजेन्द्र सिंह भाटी व सीओ निवाई रवि कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी निवाई सदर सीआई राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम में सीआई राजेन्द्र प्रसाद , हैड कांस्टेबल सांवरमल , कॉस्टेबल आशाराम , कॉस्टेबल विनोद , कॉस्टेबल बलवन्त , कॉस्टेबल शंकरलाल , कॉस्टेबल पायलेट , कॉस्टेबल मुकेश चंद द्वारा त्वरीत कार्रवाही करते हुये हत्या करने वाले आरोपी सुरज मीणा निवासी बाढ छौरिया एवं लक्ष्मण मीणा को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 01 दिसम्बर 2025 को प्रहलाद गुर्जर निवासी माताजी की ढाणी छौरिया की दिनांक 31 नवम्बर को मेरा छोटा भाई सुरजन गुर्जर पुत्र जगदीश गुर्जर जाति गुर्जर ( 30 ) निवासी माताजी की ढाणी छौरिया पुलिस थाना निवाई सदर जिला टोंक बाढ छौरिया में बुआई जुताई के पैसे लेने के लिए रामराय मीणा पुत्र श्रीला मीणा, लक्ष्मण मीणा पुत्र श्रीला मीणा निवासी बाढ छौरिया के लिये कहकर निकला था। समय करीब 09.47 पीएम पर शम्भुलाल मीणा ने फोन करके बताया ।

# पार्षद जय वशिष्ठ का राज्यपाल ने किया सम्मान

कानून व्यवस्था




कविश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष पर भारतीय दिव्यांग संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में राज्यपाल ने पार्षद वार्ड नंबर 81 एवं दिव्यांग रसोई के कोषाध्यक्ष जय वशिष्ठ का किया सम्मान

## भारतीय दिव्यांग संघ की चेयरपर्सन समीक्षा जैन राष्ट्रीय महिला संरक्षक मण्डल

भारतीय दिव्यांग संघ ने बताया कि आज विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष पर जवाहर कला केन्द्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें ऐसे 11 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने दिव्यांग जनों के लिए उत्कृष्ट कार्य किये है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल राजस्थान थे दिव्यांग जनों के लिए दिव्यांग रसोई संचालित करने और दिव्यांग जनों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पार्षद वार्ड नंबर 81 एवं दिव्यांग रसोई के कोषाध्यक्ष जय वशिष्ठ को राज्यपाल हरिभाऊ वागडे द्वारा सम्मानित किया गया । जय वशिष्ठ ने बताया कि आज भारतीय दिव्यांग संघ द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यपाल द्वारा सम्मानित किए जाने पर अपने आप को बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और भारतीय दिव्यांग संघ का बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं ।

# रजलानी में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे प्रशासक पारस गुर्जर*

कानून व्यवस्था



भोपालगढ़ (सुनील पाड़ीवाल)। क्षेत्र के रजलानी गांव में विभिन्न जनहित की मांगों को लेकर प्रशासक पारस गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बुधवार को जन आंदोलन का आगाज करके अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है।रजलानी ग्राम प्रशासक पारस गुर्जर ने बताया कि स्टेट हाईवे 145 से जुड़ी लंबित समस्याओं, सड़क, बिजली, पेयजल व विद्यालय में रिक्त पदों को भरने के लिए ग्रामीणों के साथ अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जा चुका है। जब तक हमारी जनहित की मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक हम धरने पर बैठे रहेंगे। स्टेट हाईवे 145 पर जगह जगह सड़क का निर्माण पूरा करना बाकी है, हाईवे के किनारों पर पटरियों का अभाव, हाईवे पर नाली निर्माण सही तरीके से नहीं होने के कारण जगह जगह कीचड़ फैल चुका है। साथ ही क्षेत्र से गुजर रहे विभिन्न खस्ताहाल सड़क मार्गों पर मरम्मत कार्य करना, सड़क किनारे उगी हुई बबूल व झाड़ियों को कटवाना, हाईवे के किनारों पर अतिक्रमण व विद्युत खंभे हटाना, गांव की आबादी का गंदा पानी निस्तारण हेतु गांव में बनी हुई सीसी रोड़ पर नाली का निर्माण करना, रजलानी से शिवनाथनगर सड़क पर पेचवर्क का कार्य, रजलानी से दाड़मी, बारनी, छापला, शिवनगर जाने वाले सड़क मार्ग पर झाड़ियां हटाना, विभिन्न अवरूद्ध रास्तों को खोलकर जनता को राहत प्रदान करना,

# सुधीर धायल बीएलओ को किया सम्मानित

कानून व्यवस्था



**हनुमान सिंह बुरानियाँ**रींगस क्षेत्र में मतदान जागरूकता और मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान (SIR) के तहत बीएलओ सुधीर धायल ने सफलतापूर्वक अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सुधीर धायल भाग संख्या 231 में नियुक्त थे। उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता एवं तहसीलदार महेश ओला ने सुधीर धायल को सम्मानित किया और उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे बीएलओ ही चुनाव प्रक्रिया को मजबूत और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# नैचुरोपैथी का समर्थन करने के बाद हुई ट्रोलिंग पर सोनाली बेंद्रे ने तोड़ी चुप्पी

सोनाली बेंद्रे कैंसर सर्वाइवर हैं। उन्होने 2018 में इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ जंग लड़ी। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि कैंसर से जंग में नेचुरोपैथ भी उनके लिए काफी मददगार साबित हुई। इसके बाद वे मेडिकल प्रोफेशनल्स के निशाने पर आ गईं। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने उनकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोनाली की पोस्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि, आपका कैंसर कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी से ठीक हुआ, ना कि नेचुरोपैथी से। आलोचनाओं और सवाल के बाद सोनाली बेंद्रे ने चुप्पी तोड़ी है और सोशल मीडिया पर एक और पोस्ट शेयर किया है।

### सोनाली ने नेचुरोपैथी को लेकर क्या कहा था?

सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए गए एक पोस्ट में लिखा था, साल 2018 में जब मुझे कैंसर का पता चला तो मेरे नेचुरोपैथ ने मुझे ऑटोफैगी नाम की एक स्टडी के बारे में बताया। इसने मेरी रिकवरी में बहुत बड़ी भूमिका निभाई, इसलिए मैंने इसे पढ़ा, सीखा, प्रयोग किया और धीरे-धीरे इसे अपने रूटीन में शामिल कर लिया। मैं तब से इसे फॉलो कर रही हूं। सोनाली के इस सवाल पर डॉक्टर्स ने सवाल उठा दिए। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर कर किया। बता दें कि डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स भारतीय हेपेटोलॉजिस्ट हैं, जो सोशल मीडिया पर द लिवर डॉक के नाम से जाने जाते हैं।

### विरोध के बाद सोनाली ने तोड़ी चुप्पी

विरोध के बाद सोनाली ने अब एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा है, हम सभी का सहमत होना जरूरी नहीं है, लेकिन हमें एक-दूसरे को सिर्फ इसलिए खारिज करने से बचना चाहिए क्योंकि हम अलग-अलग तरीकों की तरफ झुकते हैं। सोनाली लिखती हैं, मैंने कभी डॉक्टर होने का दावा नहीं किया, लेकिन मैं पक्का कोई नीम-हकीम भी नहीं हूं। मैं एक कैंसर सर्वाइवर हूं, जिसने इस बीमारी से होने वाले डर, दर्द, अनिश्चितता और फिर से बनने की प्रक्रिया को झेला है।

### सोनाली बेंद्रे का फिल्मी करियर

सोनाली बेंद्रे का कहना है, मैं हमेशा अपनी यात्रा ईमानदारी और विनम्रता के साथ शेयर करूंगी। कभी किसी नुस्खे के तौर पर नहीं, बल्कि अपने अनुभव के तौर पर। बता दें कि सोनाली मेटास्टेटिक कैंसर के खिलाफ जंग लड़ चुकी हैं। अभिनेत्री के करियर की बात करें तो उन्होंने आग (1994) से डेब्यू किया था। वे सरफरोश (1999), हम साथ-साथ हैं (1999), हमारा दिल आपके पास है (2000), लज्जा (2001) और कल हो ना हो (2003) जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।



# शाहरुख की फिल्म 'किंग' में अक्षय ओबेरॉय की हुई एंट्री

शाहरुख खान की आगामी फिल्म किंग की एक-एक अपडेट का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। अब फिल्म को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी आ रही है कि इस फिल्म में एक और कलाकार का नाम जुड़ गया है। जानिए उस अभिनेता के बारे में। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि वह शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'किंग' का हिस्सा हैं। आपको बताते चलें कि कई दिनों से चर्चा चल रही थी, अभिनेता इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। हालांकि अब इसपर मुहर लगती दिख रही है। फिल्म किंग को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और अभिषेक बच्चन जैसे बड़े नाम भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मल्टीस्टारर धुरंधर में अहम किरदार में नजर आएंगी गीतिका गंजू

आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी मोस्ट अवेटेड मल्टीस्टारर फिल्म 'धुरंधर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। एक्शन से भरपूर फिल्म में एक्ट्रेस गीतिका गंजू अहम किरदार में नजर आएंगी। गीतिका का मानना है कि धुरंधर एक ऐसी फिल्म है, जिसे दर्शक काफी पसंद करेंगे। गीतिका गंजू का मानना है कि बहुत कम ऐसी फिल्में आती हैं जो कहानी कहने का तरीका बदल देती हैं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ने में सफल होती हैं। धुरंधर भी ऐसी ही फिल्म है। एक्ट्रेस गीतिका ने को-एक्टर रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे स्टार्स के साथ काम करने को शानदार बताया। एक्ट्रेस ने कहा, धुरंधर एक जबरदस्त फिल्म बनने के साथ सिनेमाघरों में छाने को तैयार है। भारत में इस जॉनर को शायद पहले कभी इतनी सच्चाई और स्टाइल के साथ नहीं दिखाया गया। मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुश और उत्साहित हूं। फिल्म की तारीफ करते हुए गीतिका ने स्पष्ट कहा, मेरा मानना है कि कुछ ऐसी फिल्म आती है, जो कहानी कहने का तरीका बदल देती है, धुरंधर वैसी ही फिल्म है। गीतिका ने बताया, आदित्य धर और लोकेश धर ने फिल्म के लिए खूब मेहनत की है, जिसका नतीजा स्क्रीन पर दिखेगा। आदित्य धर ने कहानी को बेहद बोल्ड और रियल तरीके से पेश किया है। गीतिका ने आगे कहा कि फिल्म का हर एक एक्टर खास है। राकेश बेदी, रणवीर सिंह और सारा अर्जुन के साथ काम करना उनके लिए यादगार रहा। रणवीर सिंह को एक्शन में देखने का अनुभव शानदार रहा। गीतिका गंजू ने अपनी एक्टिंग से खास पहचान बनाई है। आमिर खान प्रोडक्शंस की 'लाल सिंह चड्ढा', 'म्यूजिक मेरी जान', 'आर्या सीजन 2' और 'तनाव सीजन 2' जैसे सफल प्रोजेक्ट में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है।




# रणवीर सिंह से लेकर संजय दत्त तक

## खलनायक के रूप में नजर आए ये बड़े स्टार्स

**बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म धुरंधर में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।**



फिल्म सिंघम अगेन (2024) में **अर्जुन कपूर** ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म शैतान (2024) में



**आर माधवन** ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म वश पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें **रणबीर कपूर** के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया। फिल्म पद्मावत (2018) में **रणवीर सिंह** ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म अग्निपथ में **संजय दत्त** ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक दीपक शर्मा के लिए महारानी प्रिन्टर्स, प्लांट नं.17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड जयपुर, (राज.)से मुद्रित तथा 3935, दीपकुंज, दीनानाथजी की गली, नौ ग्रह मंदिर के पास जयपुर (राज.) से प्रकाशित सम्पादक दीपक शर्मा, मो. 9352779494 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा) पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार।